	दिल्ली विकास प्राधिकरण **(आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्त निकाय)** **मुख्यालय : विकास सदन, आई.एन.ए., नई दिल्ली-110023**	

कृपया सीधी भर्ती 2020 के अंतर्गत माली के पद हेतु आवेदन करने वाले अभ्यर्थी ध्यान दे:

संदर्भ: भर्ती विज्ञापन संख्या 01/2020/रिक्रूट.सेल/पर्स./डीडीए

दिल्ली विकास प्राधिकरण ने दिनांक 01.04.2020 से 15.05.2020 तक माली के पद सहित विभिन्न पदों को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए थे। अधिसूचना के अनुसार माली के पद हेतु आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों से अनिवार्यत: अनुभव प्रमाण-पत्र अपलोड करना भी अपेक्षित था। तथापि कोविड-19 के प्रकोप के कारण और लोकडाउन के कारण आकांक्षी अभ्यर्थियों द्वारा सामना की जा रही समस्याओं को ध्यान में रखते हुए उस समय अनुभव प्रमाण-पत्र अपलोड करने पर जोर नहीं दिया गया था।

चूंकि लोकडाउन अब हटा दिया गया है और व्यावसायिक गतिविधियां पुन: शुरू कर दी गई है इसलिए अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अनुभव के निर्धारित अंकों के लिए आकलन हेतु अधिसूचना के संबंध में अनुभव प्रमाण-पत्र अपलोड करें।

तदनुसार अनुभव प्रमाण-पत्र अपलोड करने के लिए दिनांक 18.08.2020 (मंगलवार) प्रात: 10:00 बजे से दिनांक 01.09.2020 (मंगलवार) शाम 06.00 बजे तक लिंक खोला जा रहा है। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अनुभव प्रमाण-पत्र अपलोड करने के लिए दि.वि.प्रा. की आधिकारिक वेबसाइट अर्थात **www.dda.org.in→ JOBS→ Direct Recruitment 2020→ Link देखें।** निर्धारित समय तक अनुभव प्रमाण-पत्र अपलोड नहीं करने पर भर्ती प्रक्रिया के दौरान अभ्यर्थिता को किसी भी समय समाप्त कर दिया जाएगा।

कृपया नवीनतम जानकारी के लिए दि.वि.प्रा. की आधिकारिक वेबसाइट अर्थात www.dda.org.in को देखते रहें।

हस्ता/-

आयुक्त (कार्मिक)